# विद्यार्थी गृह इंटरनेट कार्यक्रम आग्रह फॉर्म तथा उपयोगकर्ता एग्रीमेंट

इस विद्यार्थी गृह इंटरनेट कार्यक्रम से उन विद्यार्थियों को इंटरनेट की सुविधा मिल सकेगी जिनके घर पर यह सुनिश्चित करने के लिए उचित इंटरनेट नहीं है कि वे घर पर सीख सकें और पढ़ाई कर सकें। इस फॉर्म का प्रयोग करके जिन विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करवाया है, उनको एक विद्यालय वर्ष के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवा प्रदान की जाएगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि सभी विद्यार्थियों को विस्तारित (एक्सटेंडेड) ज्ञानार्जन के उद्देश्य के लिए घर पर समान और भरोसेमंद इंटरनेट की सुविधा प्राप्त है।

जिन विद्यार्थियों के घर पर उचित इंटरनेट उपलब्ध नहीं है उनके माता-पिता और अभिभावक यह आग्रह फॉर्म तथा उपयोगकर्ता एग्रीमेंट भरके अपने बच्चे के विद्यालय के माध्यम से मोबाइल इंटरनेट सेवा के लिए आग्रह कर सकते हैं।

एक घर के लिए केवल एक ही आग्रह फॉर्म भरने की आवश्यकता है।

| | |
|---|---|
| **विद्यालय:** | |
| **विद्यार्थी का नाम:** | |
| ☐ | क्या एक घर में विभिन्न विद्यार्थियों द्वारा इस सेवा का प्रयोग किया जाएगा? यदि हाँ, तो कृपया सबसे बड़े विद्यार्थी का विवरण भरें: |

| **मोबाइल इंटरनेट सेवा के लिए विकल्प:** | | |
|---|---|---|
| ☐ | Telstra डोंगल और SIM कार्ड<br>(विभिन्न विद्यार्थियों के लिए इस विकल्प को चुनें) | डोंगल एक USB डिवाइस होती है जिसका प्रयोग इंटरनेट कनेक्शन देने के लिए किया जाता है। |
| ☐ | केवल Telstra का SIM कार्ड | यदि आपके बच्चे के पास एक ऐसा लैपटॉप या टेबलेट है जिसमें SIM कार्ड के लिए छेद (स्लॉट) है और उसे इस सेवा को किसी अन्य विद्यार्थी से साझा करने की ज़रूरत नहीं है, तो कृपया इस विकल्प को चुनें। |

प्रत्येक विद्यालय वर्ष की समाप्ति पर सभी सेवाएँ निलंबित कर दी जाएँगी और अगले विद्यालय वर्ष के लिए माता-पिता और अभिभावकों को एक नया आग्रह फॉर्म भर कर जमा करवाना होगा।

Government of South Australia
Department for Education

# उपयोगकर्ता एग्रीमेंट

**विद्यार्थियों को एक मोबाइल इंटरनेट सेवा प्रदान की जाए उससे पहले इस एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करना आवश्यक है। यह एग्रीमेंट विद्यालय वर्ष 2023 के लिए चालू रहेगा।**

शिक्षा विभाग (Department of Education) द्वारा विद्यार्थियों को घर पर केवल शिक्षण के कामों के लिए ही प्रयोग करने के लिए यह मोबाइल इंटरनेट सेवा प्रदान की गई है।

***यह मोबाइल सेवा केवल शिक्षण के लिए प्रयोग हेतु ही उपलब्ध करवाई गई है। इस सेवा के, आपत्तिजनक या स्पष्ट यौन सामग्री,*** गैम्बलिंग ***गतिविधियों तक पहुँचने के लिए, कॉपीराइट सामग्रियों को डाउनलोड या साझा करने के लिए, डराने-धमकाने में हिस्सा लेने के लिए प्रयोग सहित, किसी भी तरह के अवैध या अनुचित उद्देश्य के लिए प्रयोग पर कड़ा निषेध (मनाही) है।***

यह सुनिश्चित करना माता-पिता और अभिभावकों की ज़िम्मेदारी है कि उनका बच्चा इस मोबाइल इंटरनेट सेवा का प्रयोग करते समय सुरक्षित रहे। इसमें यह सुनिश्चित करना भी शामिल है कि विद्यार्थी जब इस इंटरनेट सेवा का प्रयोग कर रहे हों तो उन पर पूरी तरह से निगाह रखी जाए।

माता-पिता और अभिभावकों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे माता-पिता के लिए ई-सुरक्षा (eSafety) संसाधनों तक पहुँचने के लिए ई-सुरक्षा आयुक्त (eSafety Commissioner) की वेबसाइट पर जाएँ जहाँ वे बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षित रखे जाने की रणनितियों के साथ-साथ कम आयु वाले लोगों के लिए ई-सुरक्षा (eSafety) संसाधनों के बारे में भी जान सकते हैं। इस वेबसाइट पर सामान्य साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी के अतिरिक्त विशेष मुद्दों जैसे कि साइबरबुलीइंग (इंटरनेट के माध्यम से डराना), आपत्ति-जनक सामग्री से निपटने और मोबाइल सुरक्षा के बारे में भी परामर्श हैं।

वहाँ पर ऑनलाइन सुरक्षा के लिए माता-पिता और अभिभावकों के लिए दिशा-निर्देशिका भी है जिसका चीनी, ग्रीक, इटेलियन और स्पेनिश सहित विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया गया है।

डाटा वॉल्यूम (मात्रा) के संदर्भ में, डाटा का उचित प्रयोग हो यह सुनिश्चित करने के लिए सभी सेवाओं की निगरानी की जाएगी। यदि शिक्षण के लिए पर्याप्त माने जाने वाले वॉल्यूम (मात्रा) से अधिक डाटा का प्रयोग होता है, तो यह विभाग इस सेवा को बिना कोई नोटिस दिए रद्द या निलंबित कर सकता है।

**इस बच्चे के माता-पिता या अभिभावक के रूप में, मैं यह समझता/ती, स्वीकार करता/ती हूँ और सहमत हूँ कि:**

- इस एग्रीमेंट को ध्यान से पढ़ना और इसके बारे में अपने बच्चे से चर्चा करना मेरी ज़िम्मेदारी है, ताकि हम दोनों को इस एग्रीमेंट के तहत अपने उत्तरदायित्व स्पष्ट रूप से समझ में आ जाएँ।
- इस मोबाइल इंटरनेट सेवा के लिए प्रदान किए गए उपकरणों के माध्यम से कोई भी वेबसाइट ब्लॉक नहीं है, और जब मेरा बच्चा/मेरे बच्चे इस सेवा के माध्यम से इंटरनेट का प्रयोग कर रहे हों तो उनकी उचित निगरानी सुनिश्चित करना मेरी ज़िम्मेदारी है।
- शिक्षा विभाग, प्रदान की गई इस इंटरनेट सेवा के मेरी बच्चे/बच्चों द्वारा शिक्षण के अलावा किसी अन्य उद्देश्य से प्रयोग करने से उत्पन्न किसी भी दायित्व को स्वीकार नहीं करता है।
- यदि इस मोबाइल इंटरनेट को कनेक्ट करने वाला कोई भी डाटा उपकरण क्षतिग्रस्त हो जाता है, खो जाता है या चोरी हो जाता है तो विद्यालय को तुरंत इसकी सूचना देना मेरी ज़िम्मेदारी है।

- यह विभाग इंटरनेट एक्सस को किसी भी समय बिना नोटिस दिए निलंबित या रद्द कर सकता है (इसके कारणों में शामिल है किंतु इसी तक सीमित नहीं है, इस मोबाइल इंटरनेट सेवा के दुरुपयोग के बारे में चिंताएँ)
- जब विद्यालय द्वारा दिए गए इंटरनेट को कनेक्ट करने वाले किसी भी उपकरण को लौटाने के लिए कहा जाए तो यह अनिवार्य है कि मैं उस उपकरण को जल्दी जल्दी से लौटा दूँ।
- इस उपयोगकर्ता एग्रीमेंट को हस्ताक्षर करके वापस विद्यालय को देना मेरी ज़िम्मेदारी है।
- यदि मुझे इस उपयोगकर्ता एग्रीमेंट के किसी भी पहलू पर चर्चा करनी हो तो विद्यालय से संपर्क करना मेरी ज़िम्मेदारी है।

माता-पिता या अभिभावक कानाम...............................................................................

माता-पिता या अभिभावक के हस्ताक्षर.............................................................

दिनाँक...................................................

यदि इस मोबाइल इंटरनेट सेवा या इस सेवा को एक्सस करने (काम में लेने) के लिए प्रदान किए गए उपकरणों के बारे में आप कुछ पूछना चाहते हैं, तो आपको विद्यालय से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया जाता है।